हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 51 देहरादून, शनिवार 12 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मार्च 2024 तक भू-अभिलेखों / मानचित्रों के डिजिटाईजेशन का लक्ष्य : मुख्यमंत्री 3

# मातृ मृत्यु दर कम और गर्भवती महिलाओं की देखभाल सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 12 अगस्त , मुख्यमंत्री ने कहा आपदाकाल में गर्भवती महिलाओं को अगर एयर लिफ्ट करने की जरूरत पड़ रही है तो इसमें देर न करते हुए उन्हें निकटवर्ती सुविधा युक्त चिकित्सालयों में पहुँचाया जाए , राज्य में मातृ मृत्यु दर को कम करने एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में मातृ मृत्यु दर कम करने एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल और आपदाकाल में गर्भवती महिलाओं को अगर एयर लिफ्ट करने की जरूरत पड़ने पर उन्हें निकटवर्ती सुविधा युक्त चिकित्सालयों में पहुँचाया जाए।

मुख्यमंत्री ने इस बाबत सचिव स्वास्थ्य से विस्तृत कार्ययोजना बनाने को कहा है। मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मातृ मृत्यु दर एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल को लेकर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए और प्रभावी प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने गर्भवतियों के स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिये।

स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने इस दौरान अवगत कराया कि राज्य में हुई प्रत्येक मातृ मृत्यु की गहन समीक्षा की जा रही है। साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व रजिस्ट्रेशन गर्भावस्था के प्रारम्भ से ही सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सभी गर्भवती महिलाओं को न केवल स्थानीय आशा / ए०एन०एम० के माध्यम से समय से प्रसवपूर्व जाँच कराने की सलाह दी जा रही है, बल्कि निर्धारित समय पर केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर (104 कॉल सेन्टर) से भी कॉल कर निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र से जांच कराये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।



स्वास्थ्य सचिव ने अवगत कराया कि सभी गर्भवती महिलाओं का बर्थ प्लान (जिसमें नजदीकी जांच केन्द्र एवं प्रसव केन्द्र की सूचना भी सम्मिलित है) तैयार रखा जा रहा है और सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के 18 से 22 वें हफ्ते में निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था की जा रही है। इस हेतु घर से लाने एवं वापस भेजने हेतु निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था 102 ( खुशियों की सवारी ) के माध्यम से की जा रही है। इसके अलावा, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु सभी जनपदों में (विशेषतः आपदाकाल में मार्ग बाधाओं के दृष्टिगत चिन्हित क्षेत्रों से) गर्भवती महिलाओं को संभावित प्रसव तिथि से लगभग 15 दिन पूर्व जिला चिकित्सालय के पास संचालित किये जा रहे वन स्टॉप सेंटर में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

यह व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से की जा रही है। इस माध्यम से आपदाकाल में प्रसव की स्थिति होने पर प्रसूता को निकटवर्ती जिला चिकित्सालय में भर्ती कराकर संस्थागत/ सुरक्षित प्रसव कराये जाने की व्यवस्था है। सड़क मार्ग से दूर अवस्थापित तथा आपदाकाल में रोड ब्लॉक के दृष्टिगत गर्भवती महिलाओं को डोली / पालकी के माध्यम से रोड हैड / 108 एम्बुलेंस तक लाने वाले दल हेतु रूपये 2000/- प्रति केस की व्यवस्था की गई है। इस डोली / पालकी व्यवस्था को समस्त आपदा प्रभावी क्षेत्रों तथा रोड हैड से दूर अविस्थापित गांव को आच्छादित किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

आपदाकाल में सामान्य स्वास्थ्य केन्दों से गर्भवती महिला को आवश्यकता-नुसार हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकटतम ऐसे चिकित्सालय जिसमें सीजेरियन ऑपरेशन की व्यवस्था हो तक पहुँचाने की सुविधा प्रदान की जायेगी। इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि प्रसव के उपरान्त भी सभी गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का निर्धारित अन्तराल पर उनके घर पर ही स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने की व्यवस्था सुचारू है। साथ ही किसी भी जोखिम की स्थिति में सर्न्दभण किये जाने हेतु निःशुल्क वाहन की व्यवस्था उपलब्ध है। हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुये ससमय अतिरिक्त आवश्यक जांचे कराये जाने की व्यवस्था है।

इस हेतु निर्धारित प्रोत्साहन राशि रू0 300/- समय से सीधे आशा के खाते में जमा करायी जा रही है। गर्भवती महिलाओं को केन्द्र सरकार के माध्यम से जननी सुरक्षा योजना के अर्न्तगत संस्थागत प्रसव कराने पर ग्रामीण क्षेत्रों में रू0 1400 /- एवं शहरी क्षेत्रों में रू0 1000 / - सीधे लाभार्थी के खातों में दिया जा रहा है।

राज्य सरकार ने भी इस हेतु अपने स्तर से ईजा बोई शगुन योजना के अर्न्तगत रू0 2000/- की अतिरिक्त व्यवस्था की है, जिससे निसन्देह संस्थागत तथा सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेशभर में लम्पी का टीकाकरण अभियान चलाया जाए : मुख्य सचिव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 12 अगस्त , मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने प्रदेश में पशुओं में होने वाली लंपी बीमारी के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि लंपी बीमारी से लड़ने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। कहा कि पूरे प्रदेश को सैचुरेट करने के लिए प्रदेशभर में टीकाकरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं को मारने हेतु सघन फॉगिंग अभियान चलाए जाएं।




मुख्य सचिव ने बीमारी से अधिक प्रभावित जनपदों द्वारा टीकाकरण और दवाओं के छिड़काव पर अधिक ध्यान दिए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को वैक्सीन और दवाओं आदि की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही मुख्य सचिव ने प्रदेश में नवीन गौसदनों की स्थापना की प्रगति की भी समीक्षा की। मुख्य सचिव ने जिलाधि-कारियों को गौसदनों के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों ने भूमि चिन्हीकरण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, शीघ्र विज्ञापन जारी कर इच्छुकों से आवेदन मांगे जाने की प्रक्रिया भी पूर्ण कर लें। मुख्य सचिव ने सड़कों में घूम रहे लावारिस पशुओं को शीघ्र गौसदनों में भेजे जाने के साथ ही गौशालाओं की क्षमता बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोटद्वार के आपदाग्रस्त क्षेत्र का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्थानीय विधायक कोटद्वार तथा विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के साथ कोटद्वार में आपदाग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

गाड़ीघाटी में कुंभीचौड - रतनपुर को जाने वाले एप्रोच मार्ग पर तेजी से कार्य करने को कहा तथा मालन नदी पर हल्दूखाता-किशनपुर -सिगड्डी मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कनेक्टिविटी को बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न स्थानों पर बाधित हुई सडक़ कनेक्टिविटी को युद्ध स्तर पर बहाल करने को कहा। विभिन्न स्थानों पर आपदा से प्रभावित हुए लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी को दुरुस्त करें तथा वहां पर आवश्यकता के अनुसार फागिंग -चूना छिडक़ाव करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में आपदा से हुई विभिन्न प्रकार की क्षति का व्यापक रूप से आकलन करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा पहला प्रयास है कि राज्य में मानसूनी बरसात से जो चीजें अस्त व्यस्त हुई है उनको सामान्य करना है तथा जो लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं उनको प्राथमिक रूप से उनकी आवश्यकता के अनुरूप त्वरित सहायता और राहत प्रदान की जाय। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में आपदा से हुई क्षति का त्वरित आकलन करते हुए इसके त्वरित सुधारीकरण के कदम उठाए जाने की बात कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ निरीक्षण कर रही विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आज स्वयं आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया गया है और शीघ्रता से सामान्य स्थिति बहाल करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर सुयाल, उप जिला अधिकारी प्रमोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्मिक उपस्थित थे।

# राम मंदिर को 4 क्विंटल का ताला भेंट करेगा अलीगढ !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , क्या आप यकीन करेंगे कि अलीगढ़ के एक कारीगर ने अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए चार क्विंटल का ताला बनाया है. क्योंकि अगले साल जनवरी में भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खुलने की उम्मीद है. इसलिए भगवान राम के एक उत्साही भक्त और ताला बनाने वाले कारीगर सत्य प्रकाश शर्मा ने 'दुनिया का सबसे बड़ा हस्तनिर्मित ताला' तैयार करने के लिए महीनों तक मेहनत की, जिसे वह इस साल के अंत में राम मंदिर प्रबंधन को उपहार में देने की योजना बना रहे हैं.

जनवरी में पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें बड़ी संख्या में भक्तों से प्रसाद मिल रहा है और उन्हें यह देखना होगा कि ताले का उपयोग कहां किया जा सकता है.हालांकि ताला कारीगर शर्मा ने कहा कि उनके पूर्वज एक सदी से भी अधिक समय से हस्तनिर्मित ताला बनाते आ रहे हैं. वह 45 वर्षों से अधिक समय से 'ताला



साभार - सो.मी.

नगरी' अलीगढ़ में तालों को पीटने और चमकाने का काम कर रहे हैं. कारीगर शर्मा ने कहा, उन्होंने राम मंदिर को ध्यान में रखते हुए चार फीट की चाबी से खुलने वाला विशाल ताला बनाया, जो 10 फीट ऊंचा, 4.5 फीट चौड़ा और 9.5 इंच मोटा है. हालांकि इस ताले को इस साल की शुरुआत में अलीगढ़ वार्षिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था लेकिन अब वो इसमें मामूली संशोधन करने और सजावट में व्यस्त हैं. क्योंकि वो चाहते हैं कि यह एकदम सही हो.

दरअसल शर्मा के साथ इस कार्य में उनकी पत्नी रुक्मिणी देवी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उन्होंने कहा कि इस कठिन उद्यम में मेरी पत्नी ने खूब मदद की. रुक्मणी ने कहा, ''पहले हमने छह फीट लंबा और तीन फीट चौड़ा ताला बनाया था, लेकिन कुछ लोगों ने बड़ा ताला बनाने का सुझाव दिया, इसलिए हमने इस पर काम करना शुरू कर दिया.'' उन्होंने बताया कि ताले को अंतिम रूप दिया जा रहा है. शर्मा के अनुसार, ताला बनाने में उन्हें लगभग दो लाख रुपये का खर्च आया और उन्होंने अपने सपनों की परियोजना को हकीकत में बदलने के लिए स्वेच्छा से अपने जीवन की बचत लगा दी. उन्होंने कहा, 'चूंकि मैं दशकों से ताला बनाने का व्यवसाय कर रहा हूं, इसलिए मैंने मंदिर के लिए एक विशाल ताला बनाने के बारे में सोचा क्योंकि हमारा शहर तालों के लिए जाना जाता है और इससे पहले किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं किया है.'तो देखते हैं राम मंदिर में क्या

# HDFC BANK के CEO को 'कितने ' करोड़ का सालाना पैकेज ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी का सालाना पैकेज 15 करोड़ रुपये है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले बैंकर कौन हैं? देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ शशिधर जगदीशन वित्तीय वर्ष (2022-23) में सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैंकर बन गए हैं।

**उदय कोटक लेते हैं 1 रुपए सैलरी**

उन्हें 10.55 करोड़ का सालाना पैकेज दिया गया है. इसके अलावा, शशिधर जगदीसन के सहयोगी और एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा को पिछले वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपये का वार्षिक वेतन दिया गया था। इसलिए, वह देश में दूसरे सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैंकर हैं।

शशिधर जगदीसन की कुल सालाना




सैलरी 10.55 करोड़ रुपये है। इसमें 2.82 करोड़ रुपये का मूल वेतन, 3.31 करोड़ रुपये का भत्ता, 33.92 लाख रुपये का पीएफ और 3.63 करोड़ रुपये का प्रदर्शन बोनस शामिल है। एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैंकरों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उनकी सालाना सैलरी 9.75 करोड़ है. उनके बाद आईसीआईसीआई बैंक के संदीप बख्शी को 9.60 करोड़ रुपये वेतन मिलता है।

**उदय कोटक लेते हैं 1 रुपए सैलरी**

एक सीईओ ऐसे भी हैं जो सिर्फ 1 रुपए सालाना सैलरी लेते हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक ने सिर्फ 300 रुपये की सैलरी ली है। कोटक महिंद्रा बैंक में उदय कोटक की 26 फीसदी हिस्सेदारी है. कोविड-19 के बाद उन्होंने सिर्फ एक रुपये सैलरी लेने का फैसला किया. उन्होंने इस परंपरा को वर्ष 2022-23 में भी जारी रखा है. उदय 1985 में कोटक महिंद्रा बैंक की स्थापना के बाद से इसके सीईओ रहे हैं।

**बैंक कर्मचारियों की सैलरी में कितनी बढ़ोतरी**

वैसे तो उदय कोटक को एक रुपये की सैलरी मिल रही है, लेकिन कोटक महिंद्रा बैंक के कर्मचारियों की सैलरी में अच्छा इजाफा हुआ है। बैंक ने प्रबंधकीय कर्मचारियों को छोड़कर कर्मचारियों के औसत वेतन में 16.97 प्रतिशत की वृद्धि की है। वहीं, ICICI बैंक के कर्मचारियों की सैलरी में 11 फीसदी का इजाफा हुआ है. जबकि एक्सिस बैंक के कर्मचारियों की सैलरी में 7.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. एचडीएफसी बैंक ने कर्मचारियों की सैलरी में 2.51 फीसदी की बढ़ोतरी की है

# रोजाना सिर्फ 4000 कदम है बीमारियों की अचूक दवा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , रोजाना पैदल चलने का कोई विकल्प नहीं है. रोजाना पैदल चलने से कई तरह की बीमारियों का खतर खत्म हो जाता है. पहले के अध्ययन में कहा गया था कि रोजाना 10000 कदम चलना चाहिए. इससे कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है. अब एक नई रिसर्च में दावा किया गया है कि यदि आप रोजाना 1.5 से 2 किलोमीटर ही पैदल चल लेते हैं तो भी आप कई बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं. इसके लिए सिर्फ 15 से 20 मिनट पैदल चलने की जरूरत है और इसमें 4000 कदम चलना पड़ता है. इतना ही नहीं, सिर्फ 4000 स्टेप्स रोजाना चलने से हार्ट अटैक या हार्ट से संबंधित मौत के जोखिम को भी कम कर देता है. यह अध्ययन यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिंग कार्डियोलॉजी में प्रकाशित हुआ है.

**दवा की तरह फायदा पहुंचाता है पैदल चलना**

इस अध्ययन में 226,889 लोगों के दिनचर्या का विश्लेषण किया गया. विश्लेषण के आधार पर पाया गया कि जितना आप रोजाना चलते हैं यदि इस रोजाना के चलने में 1000 स्टेप्स की वृद्धि कर दें तो सभी कारणों से समय से पहले


साभार गूगल

मौत की आशंका को 15 प्रतिशत कम हो जाएगी. वहीं यदि अपने पैदल चलने में सिर्फ 500 कदम ज्यादा चलने की वृद्धि करते हैं तो हार्ट से संबंधित बीमारियों के कारण मौत की आशंका 7 प्रतिशत तक कम हो जाती है. अध्ययन में कहा गया है कि यदि इस कदम में आप रोजाना गति बरकरार रखते हैं तो इसका फायदा भी दोगुना होगा. पैदल चलने को लेकर इससे पहले भी कई अध्ययन हो चुके हैं जिनमें कहा गया है कि पैदल चलने के कई फायदे हैं लेकिन यह पहला अध्ययन है जिसमें सटीक रूप से बताया गया है कि कितने कदम चलने से कितनी तरह की बीमारियों का कितना खतरा कम होता है. अध्ययन में दावा किया गया कि पैदल चलना उसी तरह से फायदा पहुंचाता है जिस तरह से दवा फायदा पहुंचाती है.

पैदल चलने के फायदे

अध्ययन के मुताबिक रोजाना 4000 कदम चलने से ब्लड प्रेशर में 5 एचजी की कमी हो जाती है. यानी उपर और नीचे दोनों ब्लड प्रेशर कम हो जाता है. वहीं तीन महीने का औसत ब्लड शुगर यानी एचबीए1एसी भी बहुत नीचे आ जाता है. इसके साथ ही 4000 कदम पैदल चलने से आप उम्र से कम दिखते हैं यानी यह एंटी-एजिंग की तरह है. 4000 स्टेप्स पैदल चलने से घातक बीमारियां जैसे कैंसर, हार्ट अटैक आदि का खतरा बहुत हद तक टल जाता है. अध्ययन के मुताबिक टीनएज के बच्चे जो रोजाना 7 हजार से 13 हजार कदम चलते हैं उनकी सेहत में कई तरह के सुधार देखे गए. बाद के जीवन में उनमें लाइफस्टाइल से संबंधित किसी भी तरह की क्रोनिक बीमारियां नहीं देखी गई.

## ऋषिकेश-चंबा हाईवे बगड़धार के पास बाधित

नई टिहरी। ऋषिकेश चंबा हाईवे पर बगड़धार के समीप पहाड़ी से भारी चट्टानी मलबा आने से हाईवे बाधित हो गया। जिसके चलते हाईवे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। पुलिस ने भद्रकाली, चंबा और आगराखाल में वाहनों को रोक दिया है। नरेन्द्रनगर क्षेत्र में शुक्रवार को भारी होने के कारण ऋषिकेश चंबा हाईवे पर हिंडोलाखाल के समीप बगड़धार में 11 बजे सुबह अचानक पहाड़ी से भारी चट्टानी मलबा और बोल्डर आ गये। हाईवे बंद होने की सूचना नरेन्द्रनगर थाना पुलिस ने एनएच निर्माण में लगी कंपनी के अधिकारियों को दी, जिसके बाद कंपनी की ओर से दो जेसीबी मशीनों को मलबा हटाने के लिये मौके पर भेजा गया, मलबे और बड़े बड़े बोल्डरों को हटाने के लिये जेसीबी मशीनों को काफी मशक्त करनी पड़ रही है। नरेन्द्रनगर पुलिस ने हाईवे बाधित होने की सूचना भद्रकाली चौकी और चंबा थाने को दी, जिसके बाद पुलिस ने चंबा से ऋषिकेश जाने वाले तथा ऋषिकेश से चंबा की ओर आने वाले वाहनों को भद्रकाली और चंबा में रोक दिया। चंबा पुलिस ने देहरादून जाने वाले वाहनों को चंबा से काणताल मसूरी सडक़ मार्ग पर डायवर्ड कर दिया गया है। नरेन्द्रनगर थानाध्यक्ष पंकज देवरानी ने बताया कि बगड़धार के पास पहाड़ी से भारी मलबा और पत्थर आने से हाईवे बाधित है, लोगों की सुरक्षा हेतु बगड़धार के पास पुलिस और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है।

# मार्च 2024 तक भू-अभिलेखों / मानचित्रों के डिजिटाईजेशन का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड @ 2025 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए खनन एवं राजस्व विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को हांसिल करने के लिए अवैध खनन को रोकने के लिए ट्रेकिंग सिस्टम को मजबूत किया जाए। यदि कोई अवैध खनन करते हुए पकड़ा जाता है, तो उन पर सख्त कारवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रयास किये जाएं कि सभी चिन्हित खनन लॉट्स सुचारू रहें, इससे वैध तरीके से कार्य होंगे और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

उन्होंने खनन विभाग एवं खनन के क्षेत्र में कार्य कर रहे जीएमवीएन, केएमवीएन एवं वन विकास निगम को सभी लॉट संचालित किए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि जो लॉट अभी सक्रिय नहीं हैं, उनको सक्रिय करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मार्च 2024 तक भू-अभिलेखों/मानचित्रों के डिजिटाईजेशन का लक्ष्य रखा गया है।

वर्ष 2026 तक प्रदेश की राजस्व अभिलेखों में दर्ज सम्पूर्ण भूमि का सर्वे/रि-सर्वे करने का लक्ष्य रखा गया है। इस वित्तीय वर्ष में माह जुलाई तक मुख्य देय की मद में 49.80 लाख एवं विविध देय में 6143.70 लाख की वसूली की गई है। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं सबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# प्रदेश को आपदा ग्रस्त घोषित कर विशेष सहायता करे केंद्र सरकार : धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , राज्य में आई हुई आपदा व राजधानी में लगातार बढ़ रहे डेंगू व आई फ्लू के मुद्दों पर आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने राज्य सरकार पर आपदा से निपटने व मरीजों के इलाज में कोताही बरतने के आरोप जड़ते हुए जम कर हमला किया। धस्माना ने कहा कि पूरे राज्य में लगभग हर जनपद में भारी बरसात के कारण आपदा से भयंकर जान माल का नुकसान हुआ है किंतु राज्य का सरकारी सिस्टम आपदाओं से निपटने व आपदा प्रभावितों को मदद करने में कछुए की चाल से काम कर रहा है।

**डेंगू व आई फ्लू महामारी पर सरकारी इंतज़ाम नाकाफी - सूर्यकांत धस्माना**

उन्होंने कहा कि चाहे चमोली में करंट से 17 लोगों की जान जाने का मामला हो या केदारनाथ रूट में भूस्खलन से दो दर्जन से ज्यादा लोगों के लापता होने का मामला हो सरकार के सिस्टम ने जिस प्रकार की लापरवाही दिखाई है उससे साफ पता चल रहा है कि सरकार की घोषणाओं और हकीकत में कितना जमीन आसमान का अंतर है।

धस्माना ने कहा कि ऋषिकेश से लेकर बद्रीनाथ तक राष्ट्रीय राज मार्ग दर्जनों जगह बाधित है, कहीं भू धसाव कहीं भूस्खलन कहीं सड़क ही साफ इसी तरह रुद्रप्रयाग से केदारनाथ जी तक पूरे रास्ते तबाह , कोटद्वार से पौड़ी राष्ट्रीय राज मार्ग तीन दिन से बंद, कोटद्वार में तीन दिन बिजली गुल, राजधानी देहरादून में बारिश का पानी सड़कों व लोगों के घरों व दुकानों में , हरिद्वार लक्सर रुड़की उधमसिंह नगर व देहरादून में ग्रामीण इलाकों में खेती का भारी नुकसान व इसी प्रकार कुमाऊं में भी हालत नाजुक बने हुए हैं किंतु राज्य सरकार का आपदा प्रबंधन लचर अवस्था में है और लोगों को मदद पहुंचाने में फेल साबित हुआ है।

धस्माना ने कहा कि सबसे बड़े अफसोस कि बात यह है कि सत्ताधारी दल के लोग बजाय अपनी सरकार को कहें लोगों की मदद करने के लिए वे उल्टा विपक्ष से पूछ रहे हैं कि आपदा में विपक्ष क्या कर रहा है। धस्माना ने कहा कि सत्ता की घमंड में चूर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को शायद यह नहीं मालूम कि विपक्ष के पास न शाशन न प्रशाशन न एसडीआरएफ न एनडीआरएफ और ना सरकारी खजाने है यह सब सरकार के पास होता है और विपक्ष केवल लोगों के साथ खड़ा हो सकता है व शासन प्रशासन व सरकार तक जनता की बात पहुंचा सकता है ।




# कुलसारी में हुआ मल्टी स्पेशिएलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को विकासखण्ड थराली के कुलसारी में मल्टी स्पेशिएलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 225 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया और जनमानस को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में जनरल सर्जन, स्त्री रोग एवं बाल रोग, इएनटी के साथ गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में 10 लाभार्थियों को विकलांग प्रमाण पत्र, 11 लाभार्थियों की दिव्यांग यूडी आईडी कार्ड तथा 3 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य शिविर में हडडी रोग के 57, ईएनटी के 9, नेत्र रोग 28, बाल रोग के 14, दंत रोग के 5 फिजीशियन के 68, रक्त जांच 11, मानसिक रोग के 5, आयुर्वेदिक के 101, होम्योपैथी के 87 तथा गैरसंचारी रोगों के 105 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाइयां वितरित की गई। वहीं विवेकानंद आई हॉस्पिटल देहरादून की टीम द्वारा 90 लोगों के आंखों की स्क्रीनिंग कर 25 लोगों को देहरादून में निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किए जाने को कहा गया।

शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन का 1, बृद्धावस्था पेंशन के 5 फार्म वितरित किए और अटल आवास की जानकारी दी। पंचायतीराज विभाग द्वारा 30 लोगों को परिवार रजिस्टर नकल तथा 22 बीपीएल कार्ड बनाए गए। साथ ही जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गोपेश्वर के माध्यम से कुमारी सोनी को व्हील चेयर तथा अमर सिंह को छड़ी प्रदान की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर ने शिविर में लाभार्थियों को विधिक सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमा रावत, एसीएमओ डॉ वीपी सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित भट्ट ,फिजीशियन डॉ प्रीति यादव,ईएनटी सर्जन डॉ शिखा भट्ट, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा सिंह, डॉ अमित टम्टा ,अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली बृजमोहन सिंह नेगी नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र श्री लक्ष्मण सिंह पवार सहित आशा कार्यकत्री मौजूद रहे।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं संवर्धन के तहत संचालित कार्यो की समीक्षा

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं संवर्धन के तहत संचालित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यो को गंभीरता से लेते हुए समय पर पूर्ण किया जाए। गांव क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से एक सुनियोजित तरीके से जल संरक्षण के कार्य किए जाए। पूर्व में जल संवर्धन हेतु किए गए कार्यो का विश्लेषण के आधार पर आगे योजनाओं का क्रियान्वयन करें। पानी की कमी वाले गांवों को प्राथमिकता दी जाए। पौधरोपण, चाल खाल, खंती, चेकडैम और जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण हेतु विभागों को जो लक्ष्य दिए गए है उनको शीघ्र पूरा करें। जल संरक्षण के लिए चिन्हित कुछ क्लस्टर को मॉडल के रूप में तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय बनाकर एक विस्तृत प्लान के साथ ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समयबद्ध ढंग से जल संवर्धन के कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और भूगर्भीय जलस्तर में वृद्धि के लिए जुलाई से सितंबर तक मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं संवर्द्धन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत सभी रेखीय विभागों द्वारा समन्वित रूप से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जल संग्रहण हेतु चाल खाल, चेकडैम, खंती निर्माण और जल संवर्धन प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे है। नोडल सिंचाई विभाग द्वारा सभी विभागों के साथ मिलकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए जा रहे है।

बैठक में उप वन संरक्षक इन्द्र सिंह नेगी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र, सहित कृषि, उद्यान, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, पंचायती राज एवं नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

# एक्शन में डीजीपी अशोक कुमार अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , उत्तराखण्ड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में 'मेरी माटी मेरा देश', 'हर घर तिरंगा' अभियान एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में परिक्षेत्र एवं जनपद प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के सभी आलाधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये है। इन् निर्देशों में हेट स्पीच पर तत्काल कार्यवाही , भू , ड्रग्स और साइबर अपराधियों की धरपकड़ शामिल है।




**पढ़िए डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश -**

1. समस्त जनपद प्रभारियां द्वारा हेट स्पीच के मामलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाए। इनका स्वतः संज्ञान लेकर तुरंत मुकदमा पंजीकृत करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जाए।
2. भू-माफियाओं, ड्रग्स माफियाओं, नौकरी लगाने, विदेश भेजने एवं चिट फंड आदि के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति कुर्क करने के लिए 01 अगस्त 2023 से 'ऑप-रेशन प्रहार' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु समस्त जनपद प्रभारियों को विशेष निर्देश दिये गये।
3. स्वतंत्रता दिवस के परिपेक्ष्य में अतिरिक्त सतर्कता बरतने, होटल, बस स्टेशन/रेलवे स्टेशन में चेकिंग/फिस्किंग अभियान चलाने व संवेदनशील संस्थानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया।
4. आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उत्तराखण्ड पुलिस की सभी इकाईयां मिलकर जनपद स्तर पर विशेष मार्च का अयोजन करें और अमृत काल के पंचप्रण की शपथ ली जाए।
5. 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक थाना, चौकी, कार्यालयों एवं अपने घरों में तिरंगा लगाएं और आम जन को भी जागरूक करें।
6. डेंगू को लेकर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। परिसरों में नगर निगम/नगर पालिका से समन्वय कर समय-समय पर फॉगिंग कराएं।

# देहरादून : आर्मी कैंटीन का फर्जी लेबल लगाकर बेची जा रही है दारू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 12 अगस्त : उत्तराखंड नशे के लिए बदनाम है, यहां पुलिस प्रशासन नशे के खिलाफ अभियान चला रहा है, लेकिन नशा तस्करी रुक नहीं रही। ताजा मामला देहरादून का है। जहां पुलिस ने तीन शराब तस्करों को पकड़ा है। शर्मनाक बात ये है कि इस गिरोह में पूर्व फौजी भी शामिल है। ये सभी आर्मी कैंटीन के नाम पर शराब की बिक्री कर रहे थे। आरोपियों के पास से कुल 28 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। शराब की बोतलों पर आर्मी कैंटीन के फर्जी लेबल लगे हुए थे। स्कूटी और गोदाम से सीएसडी कैंटीन के 390 फर्जी स्टीकर बरामद हुए।

अब पुलिस गिरोह के दूसरे लोगों को तलाश में जुटी है। पुलिस को आशंका है कि सीएसडी कैंटीन के कर्मचारी भी इस धंधे में शामिल हो सकते हैं। पकड़े गए आरोपियों में से एक पहले आराघर स्थित सीएसडी डिपो में काम करता था। वो और उसके कुछ साथी बाहरी राज्यों से शराब लाकर बोतलों पर सीएसडी कैंटीन का लेबल लगाकर बेचने लगे। कैंटीन की शराब बताकर उन्हें शराब के अच्छे दाम मिल जाते हैं। बाद में इन्होंने कुछ पूर्व फौजियों को भी अपने धंधे में शामिल कर लिया। यहां आपको पूरा मामला भी बताते हैं। बीते दिन पुलिस को सूचना मिली की एक गिरोह आर्मी कैंटीन का लेबल लगाकर पर्वतीय इलाकों में शराब की तस्करी कर रहा है। ये लोग चंडीगढ़ और दूसरे राज्यों से अवैध रूप से शराब लाते थे, जिस पर आर्मी कैंटीन का लेबल लगाकर आगे बेच दिया जाता था। पुलिस को ये भी पता चला कि कुछ लोग रायपुर में शराब की खेप पहुंचाने वाले हैं। इस पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के लिए टीम लगा दी। चेकिंग के दौरान खलंगा पुल के पास दो स्कूटी सवारों को रोककर उनकी तलाशी ली गई तो स्कूटी में अवैध शराब बरामद हुई।




# इन 4 बैंकों में तो नहीं है आपका खाता रिजर्व बैंक ने उठाया सख्त कदम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने चार बैंकों पर जुर्माना लगाया है। ये चारों को-ऑपरेटिव बैंक हैं, जिसमें एक बिहार का और बाकी तीन महाराष्ट्र के हैं। रिजर्व बैंक ने इन बैंकों पर नियमों का उल्लंघन करने के लिए यह जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने के चलते इन बैंकों पर लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अगर आपका भी इन चारों बैंकों में खाता है तो जान लीजिए कि आप पर इसका क्या असर पड़ेगा।

RBI ने इन 4 बैंकों पर लगाया जुर्माना

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मुताबिक, जिन 4 को-ऑपरेटिव बैंकों पर जुर्माना लगाया गया है, उनमें इस्लामपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, तापिंदु अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, महाबलेश्वर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और मंगल को-ऑपरेटिव बैंक शामिल हैं। इनमें से 3 बैंक महाराष्ट्र के और एक बिहार का है।

बिहार के बैंक पर कितना जुर्माना

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पटना के तापिंदु अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पटना के इस बैंक पर ये जुर्माना एक्सपोजर नॉर्म्स और वैधानिक प्रतिबंधों को लेकर आरबीआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन न करने के लिए लगाया गया है। बता दें कि सबसे ज्यादा जुर्माना महाराष्ट्र के इस्लामपुर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर लगाया गया है। इस बैंक पर 2 लाख रुपए का जुर्माना ठोका गया है। इस बैंक ने जमा खातों से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया था। इसके अलावा महाराष्ट्र के महाबलेश्वर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर 2 लाख और मंगल सहकारी बैंक लिमिटेड पर भी 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

क्या ग्राहकों पर पड़ेगा असर?

बता दें कि रिजर्व बैंक ने ये जुर्माना सीधे बैंकों पर लगाया है। ऐसे में इस बैंक में जिन लोगों का अकाउंट है, उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सेंट्रल बैंक ने ये जुर्माना ग्राहकों के फायदे के लिए ही लगाया है, क्योंकि ये सहकारी बैंक खाताधारकों के अकाउंट की सुरक्षा और दूसरे नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहे थे।




# भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए बनाए 6 सख्त नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , प्रतिदिन औसतन लगभग 23 मिलियन लोग ट्रेन से यात्रा करते हैं। लेकिन इस आंकड़े में से कई यात्रियों से रोजाना नियम तोड़ने पर जुर्माना या जेल की सजा वसूली जाती है। इन नियमों का पालन अवश्य करें, क्योंकि ये भारतीय रेलवे को नहीं बल्कि ग्राहकों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाए गए हैं। तो, एक सहज यात्रा अनुभव के लिए, आइए उन पर विस्तार से चर्चा करें।

भारतीय रेलवे द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए पेश किए गए 6 प्रमुख नियम


साभार - सो.मी.

**1. ट्रेन में चेन खींचना एक मुसीबत है**

आपातकालीन समय के लिए ट्रेनों के अंदर अलार्म चेन लगाई जाती हैं। कोई यात्री ट्रेन रोकने के लिए चेन तभी खींच सकता है जब उसके पास कोई महत्वपूर्ण कारण हो क्योंकि जिज्ञासा या व्यक्तिगत आवश्यकता के कारण चेन खींचने पर भारी जुर्माना या जेल की सजा हो सकती है।

**2. यात्री ट्रेन के अंदर अपनी यात्रा बढ़ा सकते हैं**

सीट की उपलब्धता की कमी के कारण यात्रियों को अपने अंतिम गंतव्य के लिए आरक्षण नहीं मिल पाएगा। लेकिन उन्हें यह नहीं पता है कि वे वास्तविक गंतव्य से पहले किसी स्टेशन का टिकट प्राप्त कर सकते हैं और बाद में अतिरिक्त भुगतान करके टीटीई की मदद से अपनी यात्रा बढ़ा सकते हैं। टीटीई लंबी यात्रा के लिए टिकट जारी करेगा, लेकिन आपको अपनी सीट बदलनी पड़ सकती है।

**3. मिडिल बर्थ पर प्रतिबंध**

मिडिल बर्थ वाला यात्री केवल रात 10 बजे और वह भी सुबह 6 बजे तक बर्थ को मोड़ सकता है। इस समय सीमा से अधिक होने पर निचली बर्थ के यात्री इस पर आपत्ति कर सकते हैं। इसके अलावा, जब तक मध्य बर्थ का यात्री सीट को मोड़ नहीं सकता, तब तक वह ऊपरी या निचली बर्थ पर बैठना चुन सकता है।

**4. दो स्टॉप नियम**

अगर आप किसी कारणवश मूल स्टेशन से ट्रेन में चढ़ने से चूक गए, तो टीटीई एक या दो घंटे का स्टॉपेज बीतने तक आपकी सीट किसी को ट्रांसफर नहीं कर सकता। भारतीय रेलवे द्वारा आपको दो स्टॉप तक ट्रेन में चढ़ने का उचित मौका मिलेगा।

**5. रात 10 बजे नियम**

भारतीय रेलवे ने यह सुनिश्चित किया है कि रात 10 बजे के बाद यात्रियों को परेशान न किया जा सके. रेल यात्राएँ बहुत लंबी और थका देने वाली हो सकती हैं। सुविधा के लिए, रेलवे ने टीटीई को रात 10 बजे से पहले टिकट जांचने का निर्देश दिया है, और इस समय के बाद भोजन भी वितरित नहीं किया जा सकता है।

**6. कोई भी एमआरपी से अधिक भुगतान नहीं करता**

आपने शायद विक्रेताओं को एमआरपी दरों से अधिक मूल्य पर पैकेज्ड उत्पाद बेचने का अनुभव किया होगा। रेलवे ने इस प्रथा को समाप्त करना सुनिश्चित किया है और सभी को एमआरपी के तहत शुल्क लेने का निर्देश दिया है। इसलिए, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेचे जाने चाहिए।

# योगीराज में सौ करोड़ का मॉल !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , उत्तर प्रदेश के औद्योगिक राजधानी कानपुर में एक नया मॉल बनने जा रहा है। मोतीझील में 100 करोड़ की लागत से मॉल तैयार होगा है। नई तकनीकों पर आधारित मॉल में बड़ी बड़ी सुविधाएं दी जा रही। शहरियों के लिए अब एक और मॉल बनने जा रहा है। मोतीझील मेट्रो स्टेशन के बगल में एक हेक्टेयर जमीन पर लगभग 100 करोड़ की लागत से शॉपिंग मॉल बनेगा। केडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह और यूपी मेट्रो के परियोजना निदेशक के बीच वार्ता के बाद सहमति बन गई है। इससे मेट्रो के यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी और शहरवासियों के लिए यहां कारोबार का अवसर भी मिलेगा। वीसी ने चिह्नित की गई जमीन का को मुख्य अभियंता रोहित खन्ना समेत अन्य इंजीनियरों के साथ निरीक्षण किया।



साभार - सो.मी.

योजना के मुताबिक बेनाझाबर रोड पर केडीए के दो मंजिला आवास बने हैं उन्हें तोड़कर नए सिरे से फ्लैट और मॉल बनेगा। यहीं 500 चार पहिया वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग मेट्रो यात्रियों और मॉल में आने वाले लोगों के लिए बनेगी। फ्लैट में रहने वालों को भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इस मॉल की कनेक्टिविटी मेट्रो के स्काई वॉक (मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए बनाया एलीवेटेड मार्ग) से भी की जाएगी ताकि यात्री स्टेशन से उतरकर सीधे मॉल में जा सकेंगे और वहां से वापस स्काई वॉक के जरिए स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। केडीए वीसी ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिया है कि इसका इस्टीमेट तैयार करके फौरन टेंडर निकाले जाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगा।

शहर के दिल में होगा ये मॉल

शहर का हर्ट माने जाना वाली मोतीझील में मॉल बनकर तैयार होगा। बड़ी संख्या में रोजोना लोग मोतीझील घुमने पहुंचते हैं। अब मॉल से खरीदारी भी कर सकेंगे। यहां देशी-विदेशी सभी ब्रांड्स के आउटलेट होने के साथ बेहतरीन फूड कोरट भी तैयार होगा। अधिकारियों के मुताबिक नई तकनीक के अनुसार मॉल तैयार किया जाएगा। अब तक शहर में पांच बड़े मॉल हैं जबकि कई बड़े आउटलेट भी तैयार हो गए हैं। बड़े चौराहे स्थित जेड स्क्वायर मॉल। इसमें 150 से अधिक स्टोर्स हैं। इसके अलावा रेव थ्री और रेव मोती मॉल है। वहीं कानपुर दक्षिण में साउथेक्स मॉल भी है। इसके अलावा मॉल रोड स्थित ग्लोबस अब विशाल में बदल गया है

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए अतिरिक्त भूमि चिन्हित होगी : डीएम उदयराज सिंह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रूद्रपुर 12 अगस्त, जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में पन्तनगर एयरपोर्ट पर्यावरण प्रबन्धन समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुइ। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु अतिरिक्त भूमि चिन्हित करते हुए निर्धारित की जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर अविलम्ब भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक ऊंचाई वाले वृक्षों की सुरक्षात्मक दृष्टि से लॉपिंग की जाये। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों की दखल एयरपोर्ट क्षेत्र में न हो, इसके लिए निरन्तर गस्त की जाये और परिसर में उगने वाली झड़ियों की समय-समय पर सफाई की जाये।




उन्होंने निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के आप-पास किसी खुले स्थान पर मीट की बिक्री न हो, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि बड़े पक्षी एयरपोर्ट क्षेत्र में न मण्डरा सकें। उन्होंने एयरपोर्ट परिसर के आसपास मांस की दुकानों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने एयरपोर्ट के नज़दीक पुराने ट्रंचिंग ग्राउण्ड (लगभग दो साल से कूड़ा डम्प नही हो रहा है) से पॉलीथीन हटाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने विमान क्षेत्र के दोनो तरफ पानी की उचित निकासी की व्यवस्था करने तथा पीडी एनएचएआई को नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि नालों से पानी बैक न हो, इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर शहर तक सफाई हेतु चरणबद्ध ढंग से व आपसी समन्वय से कार्य किया जाये ताकि जल निकासी बेहतर ढंग से हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट एके सक्सैना, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# बाबा बागेश्वर पर आगबबूला हुई चम्पावत की तुलसी बिष्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 12 अगस्त , उत्तराखंड की तुलसी बिष्ट ने बाबा बागेश्वर को लीगल; नोटिस भेजा है। दरअसल उन्होंने बिना सिंदुर और बिना मंगलसूत्र वाली महिला खाली प्लॉट जैसा विवादित बयान से नाराज़ होकर इसको महिलाओं का अपमान बताते हुए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने अधिवक्ता के माध्यम से एक नोटिस भेजा गया है। दरअसल तुलसी बिष्ट आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बिष्ट की धर्मपत्नी एवं आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।

बाबा से खफा हुयी उत्तराखंड की तुलसी

तुलसी बिष्ट की तरफ से यह नोटिस सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एवं विद्वान अधिवक्ता के के शर्मा के द्वारा तैयार किया गया है। इस नोटिस के माध्यम से उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लिखा गया है कि 10 जुलाई 2023 से 16 जुलाई



K.K. SHARMA
Advocate
Supreme Court Of India
Mobile: +91 9818140429

K.K. & CO.
Advocates & Solicitors

Corp. Office :
Chamber No. 384, Patiala House ...
New Delhi-110001
Branch Office :
Chamber No. 485
Saket Court Complex
New Delhi-110017
E-mail: kksharmaadvocate@gmail.com

Date: 10.08.2023

LEGAL NOTICE FOR DEFAMATION

To,

Mr. Direndra Krishna Shashtri

Largely known as Bageshwar Baba

S/o Ram Kripal Garg

R/o Gram- Gada, P/o Ganj, District: Chattarpur

Madhya Pradesh (471105)

Sir,

Under the instructions from and on behalf of my clientessessess Mrs. Tulsi Bisht W/o Rajesh Singh Bisht, R/o Near Railway Crossing No-32, Balawala, Dehradun, Uttarakhand (248001). I do hereby serve you with the following legal notice: -

1. That my clientessessess is the office bearer of the Delhi Economic Cooperative Society office situated at G 49, IInd Floor Laxmi Nagar Delhi (110092).

2. That my clientessessess has been doing social services relentlessly for the last several decades and has an impeccable image in the eyes of the public. She is associated with a religious organisation, and works in the premises of the temple itself; she used to distribute food, cloth, and basic necessities to the needy and poor.

2023 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक भागवत कथा में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि जो महिलाएं मांग में सिंदूर लगाती हैं तथा मंगलसूत्र पहनती हैं वह रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी है, लेकिन जो महिलाएं मांग में सिंदूर नहीं लगाती और मंगलसूत्र नहीं पहनती हैं वह खाली प्लॉट है।

महिलाओं की प्रति धीरेंद्र शास्त्री का यह बयान अत्यंत निंदनीय और अपमानजनक है। क्योंकि हिंदू धर्म में और हमारे पुराणों में महिलाओं को देवी के रूप में और माता के रूप में पूजनीय माना गया है इसलिए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सार्वजनिक रूप से व्यास पीठ से देव तुल्य महिलाओं के प्रति इस तरह की गैर मर्यादित टिप्पणी करके हिंदू धर्म की धार्मिक मान्यताओं का अपमान किया है। हांलाकि तुलसी बिष्ट ने अपने इस नोटिस के माध्यम से साफ तौर पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर if धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी इस गलत बयानी के लिए तथा महिलाओं के अपमान करने वाले बयान के लिए सार्वजनिक रूप से 15 दिन के अंदर माफी मांगे, नहीं तो उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बर्फानी अस्पताल में मरीजों को मिलेगा मुफ्त इलाज

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार के भूपतवाला स्थित दूधाधारी बर्फानी अस्पताल और अनुसंधान संस्थान में 16 अगस्त से मरीजों को फिर से उपचार मिलना शुरु हो जाएगा। हॉस्पिटल में सोमवार से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ओपीडी चलेगी । जिसमें मरीजों अस्पताल में पंजीकरण, परामर्श परीक्षण, निर्धारित दवा और रोगी की देखभाल निःशुल्क होगी। प्रोफेसर अरुणोलक चक्रवर्ती ने बताया कि देश के अलग-अलग कोने से चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग 12 वरिष्ठ चिकित्सक मेडिसिन, शल्य चिकित्सा, स्त्री रोग, नेत्र, ईएनटी की तैनाती की जाएगी। जिससे मरीजों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। उन्होंने बताया कि अस्पताल के संरक्षक संत प्रभुदास महाराज का दृष्टिकोण अस्पताल में आने वाले सभी रोगियों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून में कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अस्पताल खुल गए हैं। लेकिन गरीब मरीज अभी भी इधर-उधर भटकने को मजबूर है। गरीब आदमी अस्पताल के परीक्षण के बावजूद दवाएं और उपभोग्य वस्तुएं खरीदने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे गरीब मरीजों को बर्फानी अस्पताल में पूरी तरह से मुफ्त इलाज मिलेगा। अस्पताल मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सक, सर्वोत्तम प्रबंधन, अस्पताल प्राथमिक देखभाल से लेकर हर स्तर पर अत्याधुनिक सुविधाएं मरीजों को देगा

### पत्रकारिता प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की पहली वरीयता सूची जारी

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में बीए (ऑनर्स) पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रथम सेमेस्टर की प्रथम वरीयता सूची जारी हो गई है। प्रवेश समिति के संयोजक प्रो. प्रशांत कंडारी ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में सीयूईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 219 आवेदकों में से कुल 65 उम्मीदवारों को बीए (ऑनर्स) पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयनित किया गया है। पहली मेरिट सूची में 31 अनारक्षित, 9 एससी, 16 ओबीसी, 7 ईडब्ल्यूएस, 2 एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। पहली मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रवेश के लिए दूसरी वरीयता सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची में चयनित आवेदकों को समर्थ पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी यूजर आईडी बनाकर प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। कहा प्रवेश शुल्क 16 अगस्त तक ऑनलाइन के माध्यम से जमा करना होना है। फीस जमा करने के बाद आवेदकों को विधिवत भरे हुए प्रवेश पत्र सहित हाईस्कूल, इंटरमीडियट, टीसी, सीसी, आरक्षण प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ चौरास परिसर में काउंसलिंग सत्र में भाग लेना होगा। काउंसलिंग 17-18 अगस्त 2023 को पत्रकारिता एवं जनसंचार केंद्र, चौरास परिसर में होगी।

### सजवाण कांडा पेयजल योजना से दूर होगी पानी की किल्लत

श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग विधानसभा के अंतर्गत् जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत सजवाण कांडा पम्पिंग पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण एवं तत्तसम्बंधी कार्य का शुक्रवार को विधायक विनोद कंडारी ने विधिवत शिलान्यास किया। दो करोड़ 15 लाख 19 हजार रूपए के बजट से होने वाले पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास करने पर क्षेत्रीय लोगों ने विधायक कंडारी का आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि पंपिग योजना के सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के 7 गांवों को घर-घर शुद्ध पानी मिलने से पानी की समस्या हल होगी। उन्होंने संबंधित विभाग को पेयजल योजना निर्माण में किसी भी तरह की कोताही न बरते जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज सजवाण कांडा स्कूल को स्मार्ट क्लास के लिए 3 लाख रूपए देने की घोषणा की। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में देवप्रयाग के विद्यालय हाईटेक बने इसके लिए वह प्रयासरत हैं। इस मौके पर देवप्रयाग मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी, आशोक तिवारी, राइंका सजवाण कांडा के प्रधानाचार्य विमल कांत उनियाल आदि मौजूद रहे।

### बगीचा-मुंडोली मार्ग के खस्ताहाल होने से लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल। लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अंतर्गत बगीचा-मुंडोली-गुरूछोली मोटर मार्ग की स्थिति खस्ताहाल बनी हुई है। इस मार्ग पर आठ किमी. के दायरे में सवारियों व वाहनों के पुर्जे बुरी तरह से हिल रहे हैं। मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे होने से आवाजाही में बड़ी दिक्कतें बनी हुई हैं। जिससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। बगीचा-मुंडोली मोटर मार्ग से कडकोटी, मुंडोली, सेमली, सिरोला, जोगीमड़ी, गुरूछोली, गौली, पाटाखाल, बरसोली आदि गांवों के लोग लाभान्वित होते हैं। पूर्व में यह मार्ग पीएमजीएसवाई के अधीन था। इस विभाग द्वारा मार्ग के रखरखाव पर ध्यान न दिए जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गत अप्रैल माह में यह मार्ग अब पीडब्लूडी कीर्तिनगर के अधीन आ गया है। जिसके लिए पीडब्लूडी के स्तर से मार्ग के डामरीकरण के लिए करीब एक करोड़ का स्टीमेट तैयार किया गया है।

# अब महंगी साबित होगी ट्रैफिक लापरवाही, बन रहे सख्त नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , यातायात नियमों का उल्लखंन करने वालों की अब खेर नहीं। ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर जुर्माना नहीं भरने वाले सावधान हो जाइए। अब आपको यह लापरवाही महंगी साबित होने वाली है। दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग लापरवाह ड्राइवरों के खिलाफ कठोर कदम उठाने जा रहा है। नए नियमों के अनुसार, ऐसे ड्राइवरों की गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्लान बनाया जा रहा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि परिवहन विभाग को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों के ऑनलाइन जुर्माना नहीं भरने के कई मामलों के बारे में जानकारी दी थी।

**रजिस्ट्रेशन किया जाएगा रद्द**

विभागीय जानकारी के अनुसार, दिल्ली मोटर वाहन नियमों में बदलाव किया जा रहा है। नए नियमों के अनुसार, लंबे समय तक कई नोटिसों की अनदेखी करने वाले लोगों को दंड का सामना करना पड़ेगा। यदि गाड़ी चालक कई नोटिसों पर ध्यान नहीं देते हैं तो गाड़ी को



जब्त किया जा सकता है। इसके अलावा उसका रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, उल्लंघन-कर्ताओं को वाहन जैसी ई-कॉमर्स साइटों का उपयोग करने से भी रोका जा सकता है।

**20,684 गाड़ियों ने 100 से अधिक बार तोड़ा नियम**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 20,684 से अधिक गाड़ियों ने 100 से अधिक बार ट्रैफिक नियमों को तोड़ा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, अभी तक इन वाहन चालकों ने जुर्माना नहीं भरा है। अभी तक इनके लिए कोई सटीक नियम नहीं बनाया गया है। जब किसी शख्स को रजिस्टर्ड फोन पर नोटिस मिलता है, तो वह पुलिस की वेबसाइट पर जा सकता है और जुर्माना भर सकता है।

**2,63,96,367 नोटिस जारी**

रिपोर्ट के अनुसार, एनसीआर में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं, जिन्हें ट्रैफिक नोटिस मिला और और अभी तक जुर्माना नहीं भरा है। 30 जून तक ट्रैफिक पुलिस ने 58,81,261 गाड़ियों के लिए 2,63,96,367 नोटिस जारी किए थे। जिनमें से 51,25,020 गाड़ियों के मालिकों को 2,21,56,496 नोटिस दिया जाना बाकी है।

**5,04,958 बार मामला दर्ज5,04,958 बार मामला दर्ज**

रिपोर्ट में बताया गया है कि बकाया नोटिसों में से 67,42,448 और 1,65,072 उन गाड़ियों से जुड़े हैं, जिनके खिलाफ 20 या अधिक नोटिस जारी किए गए हैं। 1,65,072 वाहन अन्य यातायात उल्लंघनों में शामिल थे। यातायात अधिकारियों द्वारा रोके जाने के बाद उन पर 5,04,958 बार मामला दर्ज किए है।

# बाप रे बाप, देहरादून में 200 से 250 रुपये किलो बिक रहा टमाटर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 12 अगस्त : टमाटर के दाम काबू में नहीं आ रहे। महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे आम जनता परेशान हो रही है।देहरादून में फुटकर मंडियों में टमाटर दो सौ से ढाई सौ रुपये प्रति किलो के भाव बिक रहा है। कहने को दून प्रशासन ने मुनाफाखोरों पर कार्रवाई के लिए टीम बनाई हुई है, लेकिन इस टीम के होने का कोई फायदा नहीं। फुटकर मंडियों में विक्रेता मुनाफाखोरी करने से बाज नहीं आ रहे। लालपुल, मोती बाजार, रेसकोर्स, छह नंबर पुलिया आदि फुटकर मंडियों में टमाटर 200 के पार है, जबकि यही टमाटर थोक मंडी में 90 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक रहा है।

प्रशासन के निर्देशों को किनारे रख फुटकर विक्रेता ग्राहकों को लूट रहे हैं। निरंजनपुर मंडी से 80 से 100 रुपये की दर पर टमाटर खरीदने के बाद इसे 200 से ढाई सौ रुपये प्रति किलो के भाव बेचा जा रहा है। मुनाफाखोर प्रशासन की सुस्ती का खूब फायदा उठा रहे हैं। बीते दिनों डीएम सोनिका ने मुनाफाखोरी रोकने के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति, मंडी समिति और प्रशासन के निरीक्षकों की टीम बनाई थी।इस टीम के निरीक्षकों को हर दिन मंडियों में जाकर प्रशासन की ओर से जारी की गई सब्जियों की दरों की सूची का जायजा लेना था। दो-चार दिन तक टीम ने मंडियों का निरीक्षण किया भी, लेकिन बाद में मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया। अब हाल ये है

कि फुटकर विक्रेता मनमाने दाम पर सब्जियां बेच रहे हैं, जिससे आमजन की जेब ढीली हो रही है। ग्राहक प्रशासन की दरों पर सब्जी बेचने को कहते हैं, तो फुटकर विक्रेता लड़ने लगते हैं। लोग मजबूरन महंगी सब्जी खरीद रहे हैं। बता दें कि दून में प्रशासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि टमाटर अधिकतम 110 रुपये प्रति किलो के भाव से बेचे जाएंगे, लेकिन टमाटर दो से ढाई सौ रुपये प्रति किलो के



भाव बिक रहा है। मामला डीएम सोनिका के संज्ञान में है, उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी करने वाले विक्रेताओं पर जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संबंधित टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# प्रभारी एन्टी ह्यूमन मनमोहन सिंह नेगी ने 30 बच्चों को किया रेस्क्यू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , एन्टी ह्यूमन ट्रफिकिंग यूनिट देहरादून ने जिला टास्क फोर्स, चाइल्ड लाइन एवं विभिन्न गैर सरकारी व सरकारी विभागों के साथ मिलकर 30 बच्चों को रेस्क्यू किया है। एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून द्वारा नोडल अधिकारी / पुलिस उपाधीक्षक नीरज सेमवाल के निर्देशानुसार प्रभारी एन्टी ह्यूमन उ0नि0 मनमोहन सिंह नेगी के निर्देशन में विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विभागों / संगठनों से समन्वय स्थापित कर भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं ऐसे बच्चे जो भीख मांगने, कबाड़ उठाने एवं कूड़ा बीनने में मजबूर हैं जिनकी देखरेख व संरक्षण की आवश्यकता है उनके सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें ISBT एवं शिमला बाई पास से भीख मांगने, एवं कूड़ा बीनने वाले 15 बालक, 10




बालिकाओं सहित 05 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया जिनकी बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसलिंग करायी गयी तथा उनके सर्वात्तम हितों को ध्यान में रखते हुए 05 बालिकाओं को सरफीना ट्रस्ट (खुला आश्रय गृह) 04 बालकों , 01 बालिका को शिशु निकेतन, 09 बालकों को समर्पण सोसाइटी (खुला आश्रय गृह) एवं 05 महिलाओं व उनके 06 बच्चों को वीरांगना तीलू रौतेली छात्रावास में भेजा गया ।

## शिक्षकों को शहरी क्षेत्र के दर से मिले किराया भत्ताः शिक्षक

हरिद्वार। राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन ने नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्र की सीमा के बाहर आठ किलोमीटर के दायरे में तैनात शिक्षकों को शहरी क्षेत्र की दर का मकान किराया भत्ता देने की मांग की। एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल जिला शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि जिन शिक्षकों को अभी तक यह भत्ता नहीं दिया गया है। उनके बकाया एरियर का भुगतान किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी ने कहा कि शिक्षकों की मांग का संज्ञान लिया गया है। प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री दर्शन सिंह पंवार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण भट्टाचार्य, जिला संरक्षक अमरीश कुमार चौहान, राजेश कुमार, अमर क्रांति आदि मौजूद रहे।

## स्मैक के साथ एक दबोचा

हरिद्वार। शहर कोतवाली पुलिस ने स्मैक बरामद करते हुए एक तस्कर को दबोचा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि चित्रकूट घाट से कुछ दूरी पर ठोकर नंबर 11 पर एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 14.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आलोक गोसाईं पुत्र चांद प्रकाश निवासी कांगड़ा मंदिर जोगिया मंडी बताया। बताया कि आरोपी ने बंगाली बस्ती में रहने वाले एक व्यक्ति से स्मैक खरीदना बताया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया डीपीएस दौलतपुर में 'मैजिक शो

हरिद्वार। डीपीएस दौलतपुर में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा मैजिक शो आयोजित किया गया। इसमें सभी छात्रों ने भाग लिया। इस मैजिक शो में जादूगर संजू शर्मा के द्वारा एक से एक करतब जैसे कि रंग बिरंगी किताब का जादू, रुमाल का जादू और अपनी जादू की छड़ी का कमाल दिखाकर छात्र-छात्रों का भरपूर मनोरंजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव ने रेड क्रॉस सोसाइटी को उनके मानवीय सेवा कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सीडीओ झरना कमठान ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 12 अगस्त मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्वंतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को मंच निर्माण कार्य के साथ ही सीटिंग व्यवस्था, बेरिकेटिंग,साज-सज्जा कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्थाएं की जानी है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने परेड मैदान पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम, फोटो गैलरी पर किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर निगम को परेड मैदान सहित समस्त नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई करने, विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था, के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने परेडग्राउण्ड में निर्माणाधीन किड जोन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों एवं जिला सूचना अधिकारी को निर्देश दिए कि फोटो गैलरी, एलईडी के लिए स्थान तथा मीडिया के लिए कवरेज हेतु स्थापित किये जाने वाले कैमरे तथा कार्यक्रम की आनलाईन स्ट्रीमिंग हेतु स्थान आदि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिला सूचना अधिकारी को कार्यक्रम के सजीव प्रसारण एवं मुख्य स्थलों पर एलईडी स्थापित करने के निर्देश दिए।



मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले माननीयों एवं उनके परिजनों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं राज्य आन्दोलनकारियों तथा उनके परिजनों की बैठने की व्यवस्था सहित जनमानस बैठने आदि स्थान पर व्यवस्थाए बनाने तथा बेरिकेटिंग आदि कार्य, के निर्देश लोनिवि को दिए। निरीक्षण के दौरान लोनिवि, नगर निगम, एमडीडीए आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान को नोडल अधिकारी बनाते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर समस्त कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक सम्पादित कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त मजिस्टेªट/अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने, कार्यक्रम से एक दिन पूर्व अपना कार्य क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर अपने ड्यूटी प्वांईट देखते हुए कार्यक्रम के दिन सभी व्यवस्था सफलता पूर्वक सम्पादित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### फैक्ट्री कर्मियों का मैनेजर के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

रुडक़ी। झबरेड़ा-मंगलौर मार्ग लाठरदेवा हूण के पास केबल फैक्ट्री के कर्मचारियों ने फैक्ट्री गेट के पास धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने फैक्ट्री के मैनेजर पर जातिसूचक शब्द कहने और गाली गलौज का आरोप लगाया। मैनेजर के माफी मांगने के बाद करीब बीस घंटे बाद फैक्ट्री में फिर से काम शुरू हुआ। फिनोलेक्स केबल फैक्ट्री के करीब पचास कर्मचारी बुधवार आधी रात में प्रोडक्शन मैनेजर पर जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और गाली गलौज का आरोप लगाकर कार्यबहिष्कार पर उतर आए। लाठरदेवा हूण निवासी जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार इस मामले की सूचना मिलते ही धरनास्थल पर पहुंच गए तथा प्रदर्शन में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की बदसलूकी तथा ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाद में दूसरी शिफ्ट के पचास और कर्मचारी भी धरने में शामिल हो गए।जिला पंचायत सदस्य का आरोप है कि उन्होंने यूनिट हेड से बात करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं किया। बाद में प्रोडक्शन मैनेजर विवेक प्रधान ने अपने बयान को लेकर कर्मचारियों से माफी मांगी।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ तीन पकड़े

रुडक़ी। चौकी के सिपाही अजीत तोमर और जयपाल सिंह बीती रात गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भोवापुर वाले रास्ते पर प्लास्टिक की केन में दस लीटर कच्ची शराब लेकर जा रहे युवक दीपक निवासी भोवापुर थाना पथरी को पकड़ लिया। उधर गश्त कर रहे भिक्कमपुर चौकी के सिपाही बलविंदर सिंह और शमशेर खां ने फतवा गांव निवासी अरविंद और संदीप को पांच-पांच लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। तीनों पर मुकदमे दर्ज कर लिया गया है।

### मारपीट मामले में 7लोगों के खिलाफ केस दर्ज

रुडक़ी। रुहालकी दयालपुर गांव निवासी राहुल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गत चार दिन पूर्व वह भगवानपुर से लौट रहा था, तभी गांव के कई युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की जिसमें वह घायल हो गया। घायल ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जॉनी, सोनू, सचिन, वंश, कुला, विपुल, अंकुश के खिलाफ मारपीट किए जाने संबंधित धारा में मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

### बिजली चोरी में चार लोगों पर केस दर्ज

रुडक़ी। पिछले महीने यूपीसीएल की देहरादून विजिलेंस टीम से शिकायत की गई थी कि लक्सर डिविजन में भट्टीपुर क्षेत्र के जसोद्दरपुर गांव में आधे से भी ज्यादा परिवार चोरी करके बिजली जला रहे हैं। इस पर विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को गांव में छापेमारी की। इन दस दिनों के भीतर टीम का यह तीसरा छापा है।

## संपादकीय



# पीएम का अधूरा वक्तव्य

लोकसभा में विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव पराजित हो गया। यह नतीजा पहले से ही तय था, क्योंकि बहुमत का आंकड़ा एकतरफा था। वैसे भी बहस के बाद विपक्ष मत-विभाजन की मांग नहीं कर सका, क्योंकि उसने प्रधानमंत्री के वक्तव्य के अधबीच ही बहिर्गमन कर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी कुल 2 घंटा 13 मिनट बोले। करीब डेढ़ घंटा बीत जाने के बाद वह मणिपुर और पूर्वोत्तर पर आए। उससे पहले उन्होंने विपक्षी गठबंधन को 'घमंडिया' कहा। परिवारवाद और दरबारवाद की बात कही। विपक्ष के व्यवहार को 'शुतुरमुर्ग' जैसा करार दिया। 'कब्र खुदेगी' वाले कांग्रेसी बयान को अपने लिए 'टॉनिक' माना। कांग्रेस के 'सीक्रट वरदान' की बात कही कि वह जिसका बुरा चाहेगी, उसका अच्छा ही होगा। प्रधानमंत्री ने संसद में ही दावा किया कि 2024 में भाजपा-एनडीए तमाम रिकॉर्ड तोड़ते हुए, जनता के आशीर्वाद से, लगातार तीसरी बार सरकार में लौटेंगे। सरकार के तीसरे कार्यकाल में ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। दरअसल प्रधानमंत्री के वक्तव्य में कोई नवीनता नहीं थी। वह गांधी परिवार, कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर प्रहार और व्यंग्य करते रहे, क्योंकि यही उनकी चार दशक से अधिक समय से राजनीति रही है। प्रधानमंत्री ने 'गरीबी' पर अपनी पीठ ठोंकी कि उनके शासन-काल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। यह नीति आयोग की रपट है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष को उद्धृत करने से सच स्पष्ट नहीं होता। प्रधानमंत्री ने यह खुलासा नहीं किया कि देश में कितने गरीब लोग हैं और कितनी आबादी अब भी गरीबी-रेखा के नीचे है? आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले ने कहा था कि आज भी 23.5 करोड़ लोग गरीब या गरीबी-रेखा के तले जीने को विवश हैं।

वे रोजाना 350 रुपए कमाने में भी असमर्थ हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग और दत्तात्रेय की रपटों का तुलनात्मक खुलासा करें कि यथार्थ क्या है? यह भी स्पष्ट करें कि क्या गरीबी-रेखा की नई परिभाषा तय कर ली गई है कि कितनी आमदनी वाला नागरिक उसकी परिधि में आएगा? सवाल यह भी है कि कोरोना की समाप्ति के बावजूद 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज हर माह क्यों देना पड़ रहा है? बेशक प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट का हवाला देते हुए कहा है कि 'जल-जीवन' योजना से 4 लाख लोगों की जान बची है और 3 लाख लोगों को मरने से बचाया गया है। ये लोग कौन हैं-गरीब, दलित, शोषित, वंचित और पिछड़े ग्रामीण। यानी देश में ऐसी जमात अब भी मौजूद है। उन्हें गरीबी से बाहर कैसे रखा जा सकता है? प्रधानमंत्री ने देश में कुपोषण और महिलाओं, शिशुओं में खून की कमी सरीखे भयावह सच का उल्लेख नहीं किया। उससे भी भारी संख्या में मौतें होती रही हैं। चिंतनीय स्थिति यह है कि इन गरीबों के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वे अपना इलाज करवा सकें। 'आयुष्मान' योजना के तहत सभी गरीब लाभान्वित नहीं हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर की जनता को आशान्वित किया है कि जल्द ही शांति का नया सूरज उगेगा। पूरा देश, पूरा सदन मणिपुर के साथ है, लेकिन हिंसा के दौर के 100 दिन गुजर जाने के बावजूद आज स्थिति क्या है, प्रधानमंत्री ने उसका जरा-सा भी जिक्र नहीं किया। मणिपुर के संवेदनशील इलाकों की औसतन तस्वीर यह है कि जली हुई बस्तियां, टूटे मकान, बंद पड़े, सुनसान बाजार आज का भयावह यथार्थ बयां कर रहे हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत







# देहरादून स्मार्ट सिटी दुकानों का कर रही फ़साड इंप्रूवमेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , देहरादून स्मार्ट सिटी द्वारा सर्वे चौक़ विकास भवन के पास की स्थित दुकानों के साइन बोर्ड को एक स्वरूप देने के उद्देश्य से देहरादून स्मार्ट सिटी द्वारा सभी दुकानों के साइन बोर्ड को फसाड विकसित कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है विकास भवन के समीप स्थित सभी 42 दुकानों के बोर्डों को फसाड इंप्रूवमेंट कार्यक्रम के तहत समान रूप से विकसित किया गया है देहरादून स्मार्ट सिटी की सीईओ सोनिका द्वारा बताया गया है कि यह कार्य 15 अगस्त से पूर्व समाप्त करा लिया जाएगा। इस कार्य के अंतर्गत जहां एक ओर और सभी दुकानों के साइन बोर्ड को स्पष्ट रूप से पढ़ा जा सकेगा वहीं दूसरी ओर विकास भवन के आसपास के क्षेत्र सुंदर भी दिखाई देगा।

## हस्तशिल्प कारीगरों से मिलीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी

रुडक़ी। स्वदेशी की संकल्पना के साथ आत्मनिर्भर भारत में स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को स्वावलंबी बनाने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के संकल्प को निरंतर सिद्धि प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनू कक्कड़ और प्रदेश की मंत्री रीता चमोली ने हथकरघा उद्योग से जुड़े परिवारों से मुलाकात की। महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी रेनू शर्मा, रजनी वर्मा, सरिता मिश्रा, मंजू नौटियाल ने इन कारीगरों के बीच में जाकर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही हस्तशिल्प कारीगरों एवं बुनकरों को माला एवं पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

## बस यूनियन ने टेंपो के अवैध संचालन की शिकायत की

रुडक़ी। शुक्रवार को बस यूनियन के अध्यक्ष योगेश चौधरी के साथ बस मालिक कुलबीर सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, अरविंद उपाध्याय, जय सिंह, लवनीत चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, विनोद सरवालिया आदि ने कोतवाल अमरचंद शर्मा से मुलाकात की। बताया कि उनकी बसें रुडक़ी, लक्सर कुरड़ी के बीच चलती हैं। परिवहन विभाग ने बसों को इस रूट का वैध परमिट दिया है। कहा कि पिछले कुछ समय से काफी सारे टेंपो और ई रिक्शा बिना परमिट के इस रूट पर सवारियां ढो रहे हैं। उन्होंने कोतवाल को यूनियन की तरफ से शिकायती पत्र देकर इन वाहनों के अवैध संचालन पर रोक लगाने की मांग की। कोतवाल शर्मा ने मामले की जांच कराने के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

## डेंगू बुखार से युवक की मौत

रुडक़ी। गाधारोणा में बुखार से पीड़ित 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि जांच में डेंगू बुखार की पुष्टि हुई थी। सुधांशू पुत्र रामेश्वर को छह दिन पहले बुखार आने लगा था। इस पर युवक को रुडक़ी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगडऩे पर चार दिन पहले युवक को जौलीग्रांट में भर्ती कराया गया।

# एमडीडीए ने पकड़ी स्पीड, तीन आवासीय प्रोजेक्ट जल्द होंगे पूरे : एक्शन में बंशीधर तिवारी

## मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में एमडीडीए उपाध्यक्ष ने काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , बीते कई सालों से अधूरे पड़े एमडीडीए के तीन बड़े आवासीय प्रोजेक्ट को लेकर हलचल तेज हो गई है। एमडीडीए उपाध्यक्ष वंशीधर तिवारी ने आईएसबीटी हाउसिंग परियोजना, धौलास आवासीय परियोजना एवं आमवाला तरला हाउसिंग प्रोजेक्ट का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इनमें आईएसबीटी हाउसिंग परियोजना के 38 एचआईजी फ्लैट्स की बिक्री का विज्ञापन भी प्रकाशित कर दिया गया है। एमडीडीए उपाध्यक्ष वंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में आमजन की आवासीय जरूरतों को पूर्ण करने की दिशा में प्राधिकरण ने तेजी से काम करना प्रारंभ कर दिया है।

उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की आईए-सबीटी परियोजना में अधूरे पड़े एक ब्लॉक जिसमें कुल 38 एचआईजी फ्लैट हैं उनका निर्माण पूरा कर लिया गया है। इसकी विज्ञप्ति भी प्रकाशित कर दी गयी है जिसका बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अगले दस से पंद्रह दिन में बाकी दो ब्लॉक में 134 फ्लैट्स का निर्माण पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इनकी कीमत लगभग 70 लाख रुपये रखी गयी है।










इसी तरह से धौलास आवासीय परियोजना का काम भी तमाम कारणों के चलते लंबे समय से बंद था। यहां ews के 240 व mig के 168 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। निर्माणदायी संस्था को 2 करोड़ रुपये स्वीकृति दी गयी है जल्द ही बाकी पैसा भी प्रदान कर दिया जाएगा। ews फ्लैट्स के आवंटन हेतु मार्च 2024 जबकि mig के लिए जून 2024 की डेडलाइन निर्धारित की गई है।

इसके अलावा आमवाला तरला में भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट बीते 3 साल से रुका हुआ था। अब तमाम अड़चनों को दूर कर लिया गया है। जल्द ही यहां भी कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस परियोजना में 240 ews श्रेणी के फ्लैट्स का आवंटन किया जा चुका है जबकि एलआईजी, स्टूडियो, एमआईजी एवं एचआईजी के 358 फ्लैटों का निर्माण जल्द पूर्ण किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि साइट पर इनमें से कुछ फ्लैट बने भी हुए हैं, लेकिन इनका काम अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि आम जन की आवसीय जरूरतों को पूर्ण करने के लिए प्राधिकरण प्रतिबद्ध है



# मानव सेवा ईश्वर सेवा : सविता सिंह सौरोत, समाजसेवी

■ ब्रजभूमि से देवभूमि तक मिसाल बनी सविता के ज़ज़्बे को सलाम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , देश में कुछ विभूतियाँ ऐसी भी होती हैं जो बड़ी ख़ामोशी से समाज में अपना योगदान देकर लोगों की दुआएं कमाते हैं। महिलाओं में ये भावना कूट कूट कर भरी होती है तभी तो हमारे वेदों में नारी को नारायणी कहा और माना जाता है। आज हम जिस विभूति की बात कर रहे है वो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तेज़ी से लोकप्रिय हो चुकी कान्हा की भूमि पर जनहित के लिए जीवन लगा रही समाज सेविका सविता सिंह सौरोत हैं जो आजकल कृष्ण भूमि में लोगों को अन्न दान कर एक बेहतरीन मिसाल बन गयी है।

आपको बता दें कि इन दिनों मथुरा वृंदावन में परिक्रमार्थियों को प्रसाद वितरण कर रही सविता सिंह भक्तों के साथ साथ स्थानीय मथुरा वृंदावन जिले में एक रहनुमा के रूप में भी ख़ास पहचान बना चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### संसद से चौधरी का निलंबित करने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देवपुरा चौक पर संसद से अधीर रंजन चौधरी का निलंबित किए जाने और मणिपुर पर प्रधानमंत्री द्वारा संसद में कुछ ना बोलने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर एक आवाज को कुचलना चाहती है। जिस कारण लगातार सांसदों को सदन से निलंबित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग कहा कि मणिपुर के विषय में प्रधानमंत्री का सदन में एक भी शब्द ना बोलना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, जतिन हाण्डा, पार्षद उदयवीर सिंह, इसरार सलमानी, मेहरबान खान, रियाज अंसारी,राहुल चौधरी, यूथ कांग्रेस महासचिव शुभम जोशी, कैलाश प्रधान, अशोक उपाध्याय, शशि झा, रचना शर्मा, बिंदु शर्मा,वरूण बालियान, अज्जू खान, मुन्ना मास्टर, नितिन कश्यप, हरद्वारी लाल, करण सिंह राणा, हरजीत सिंह, अशोक गुप्ता, जाशिद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### महिला नेताओं ने किया हथकरधा उद्योग से जुड़े परिवारों का स्वागत

हरिद्वार। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अन्नू कक्कड़ और प्रदेश की मंत्री रीता चमोली के नेतृत्व में हथकरघा उद्योग से जुड़े हुए परिवारों से जाकर भेंट की। महिला मोर्चा की पदाधिकारी रेनू शर्मा, रजनी वर्मा, सरिता मिश्रा, मंजू नौटियाल ने कारीगरों के बीच में जाकर उनका उत्साह वर्धन किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। अन्नू कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार लगातार हाथ से बनी हुई चीजों का अंतरराष्ट्रीय बाजार में कैसे स्थान बने इसकी लगातार चिंता भी कर रही है और इस पर काम किया जा रहा है। कहा कि आज भारत के ग्रामीण क्षेत्रों से बनी हुई वस्तुओं की विदेशों में बहुत डिमांड है। इस मौके पर तुषार हैंडलूम के तेजपाल, सुशील पाल, रजनी पाल, इस्मती, राजेश, सलीम, राजकुमार आदि का स्वागत किया गया।

### उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने किया 3घंटे का कार्य बहिष्कार

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने दो माह के बकाया वेतन सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुक्रवार को दूसरे चरण में प्रवेश कर गया। आंदोलन के दूसरे चरण में ऋषिकुल और गुरुकुल आयुर्वेदिक चिकित्सालय परिसर में तीन घंटे का कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों के तीन घंटे कार्य बहिष्कार के चलते मरीजों को दवाई के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ा। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने दो माह का वेतन दिए जाने, गोल्डन कार्ड की सुविधा, सभी संवर्गो के कर्मचारियों का नियमितिकरण, स्थाईकरण, पदोन्नति, मृतक आश्रित की नियुक्ति जैसी मांग को लेकर नौ जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन शुरु कर दिया था। शुक्रवार को पहले चरण में कर्मचारियों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया।